पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने आर्किटेक्ट आफ द ईयर से सम्मानित किया

लखनऊः 27 अक्टूबर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज होटल ताज में जे0के0 सीमेन्ट लि0 द्वारा आयोजित एक समारोह में 23वें आर्किटेक्ट आफ द ईयर अवार्ड से 11 विभूतियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री यदुपति सिंधानिया, प्रबंध निदेशक, जे0के0 सीमेन्ट लि0 सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री सुधीर रेडडी-हैदराबाद, श्री मनीष गुलाटी-नई दिल्ली, श्री शिवदत्त शर्मा-चण्डीगढ़, श्री संजय एम0 पाटिल-नासिक, श्री संजय मोहे, श्री विमल जैन एवं सुश्री निशा मैथ्यू घोष-बैंगलुरू, श्री हिरेन पटेल-गुजरात, श्री माधव जोशी-पुणे, श्री काशिफ चैधरी-बांग्लादेश, श्री पलिंदा कन्नानगर-श्रीलंका को ट्राफी, प्रशस्ति पत्र व सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे वास्तुशिल्प समुदाय के लोगों को सस्ते, टिकाऊ और ग्राहक की जरूरत के अनुसार डिजाइनिंग पर विचार करना चाहिए। सुंदरता के साथ-साथ स्थिरता भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हम आधुनिक डिजाइनों पर तो विचार कर रहे हैं लेकिन नई इमारतों का टिकाऊ होना एक चुनौती है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पेशेवर ढंग से विचार करने की जरूरत है। श्री नाईक ने कहा कि हमारे प्रदेश में ताजमहल, बड़ा इमामबाड़ा, सारनाथ व अनेक मंदिर ऐसे हैं जो पूरे विश्व में आज भी अपनी प्रमाणिकता के लिये जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि राजभवन की इमारत 200 साल पुरानी है मगर आज भी पूरी तरह से मजबूत है। हमें इस पर ध्यान देना चाहिए कि परियोजनाएं समय से तथा अनुमानित लागत के भीतर पूर्ण हों, जिससे अनावश्यक खर्च से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि आर्किटेक्ट समुदाय नई डिजाइनिंग और पुनर्निमाण में तकनीक के आधार पर गरीबों के लिए सस्ते और अच्छे मकान बनाने में सहयोग करें।

इस अवसर पर श्री यदुपति सिंघानियां, प्रबंध निदेशक, जे0के0 सीमेन्ट लि0 ने स्वागत उद्बोधन में जे0के0 सीमेन्ट लि0 पर विस्तार से चर्चा की तथा सभी सम्मान प्राप्त करने वाले आर्किटेक्टों को बधाई दी। कार्यक्रम में श्री राघवपति सिंघानियां व श्री माधव कृष्ण सिघानियां ने भी अपने विचार रखें।

PRESENTATION CEREMONY
Lucknow, 27th Octobe 14

AWARD PRESENTATION CEREMONY
Lucknow, 27th October 2014
JK Cement LTD.
23rd Architect of the Year Awards

AWARD PRESENTATION CEREMONY
Lucknow, 27th October 2014
23rd
JK Cement LTD.